अध्यक्ष महोदय मेरे कहने का मतलब यह है कि 33 साल के बाद भी आज यह मसला हमारे सामने है । हमारी जो लीडरशिप है और उधर जो भाई बैठे हैं सभी से मैं हाथ जोड़ कर प्रार्थना करना चाहता हूं कि अगर जब तक आप सही मायनों में मुसलमानों की इकोनोमिक कंडीशंस, एजूकेशनल कंडीशंस और सोशल कंडीशंस को नहीं सुधारेंगे तब तक मुसलमान भाई वैसे के वैसे ही रहने वाले हैं । हम ने तीस साल तक उन्हें सारे देकर रखा है । मैं पूछना चाहता हूं कि अगर इस यूनिवर्सिटी का माइनोरिटी करेक्टर बन जाएगा तो क्या वहां सब ठीक हो जाएगा । आपने यह कैसे सोच लिया कि अगर वहां मुसलमान होगा तो वह चाहेगा कि मुसलमान ठीक हो और हिन्दुओं के जाते ही वह ठीक नहीं रहेगा । सब तरह के लोग होते है । आपको इस तरह से नहीं सोचना चाहिए । आज 33 साल के बाद हम एक हैं । मुसलमान यहां किसी की दया पर नहीं है । सभापति महोदय, मुझे याद है, जब 1967 के चुनाव हो रहे थे, मैं उस समय जनसंघ मे था तो हमारे देश के एक गणमान्य नेता प्रधान मंत्री जी ने उस समय मुसलमानों से कहा था कि अगर जनसंघ यहां पर आ जाएगा तो तुम्हारी मस्जिदें गिरा दी जायेंगी तुम्हें खत्म कर दिया जाएगा । कहने का मतलब यह है कि क्या मुसलमान किसी एक पार्टी या किसी एक व्यक्ति की दया पर यहां रहेंगे ? नही । यहां पर मुसलमान हैं ओन देअर ओन राइट । जैसे मै हूं वैसे आप है । हम में कोई फर्क नही है । अगर मैं यह कहूं कि जनता पार्टी रहेगी तो मुसलमान रहेंगे या कांग्रेस पार्टी रहेगी तो मुसलमान रहेंगे तो यह बेवकूफी की बात होगी । अगर कोई यह कहता है तो गलत कहता है । मैं समझता हूं कि इस तरह से मुसलमानों से कहना गलत होगा ।

श्री सौगत राय (बैरकपुर) : आप इण्डियनाइज्ड करने की बात कहते हैं ।

श्री कंवर लाल गुप्त : आज इण्डियनाइज्ड सारे हिन्दुस्तानियो को करने की जरूरत है ।

We have just heard Mr. Saugata Roy. He has read in the press that about 15 military officers of different ranks were indulging in espionage for Pakistan, and I think majority of them are Hindus. There is hardly any Muslim. So you have to Indianise all the Indians, not only you and me or Mr. Banatwalla, but I think all the three.

श्री सौगत राय : क्या शाखाओं मे ले जा कर करेंगे ?

श्री कंवर लाल गुप्त : ऐसी जो शाखाएं हैं वह बहुत अच्छा तरीका है । अगर आप भी आ जाएं तो देखेंगे कि वे कैसी है । मेन स्ट्रीम मे लाने की बात को आप छोड़ दें । किसी फिरके की भावनाओ को उभाड कर वक्ती कुछ फायदा उठाया जा सकता है लेकिन मै नही समझता हूं कि इस तरीके से हम उस फिरके की कोई सर्विस करते है, कोई खिदमत नही करते हैं । मुसलमानों को नशीली चीज पिला कर जो आप उनको नशे मे रखते है उसकी जरूरत नही है । मुसलमानों को चाहियें नौकरियां, एजूकेशन, उनको चाहिये कि उनकी इकोनोमिक कंडिशन सुधरे । अगर वह नान बनाने का काम करता है या बिस्किट बनाता है तो उसका लडका बड़ा आदमी क्यों नही बन सकता है ? दस बीस मुसलमानो को मिनिस्टर या पार्लियामैंट का मैम्बर बनाने से मुसलमानों की प्राबलैम साल्व नही हो सकती है । तीस साल तक यही होता रहा है । थोडे से लोगों को पकड कर और उनको मंत्री बना कर हम आगे लाकर उनको घुमाते रहे है । इस तरह की बात से कुछ होने वाला नही है । हम को जड को पकडना चाहिये, नीचे से काम शुरू होना चाहिये ।

मैं आपकी भावनाओं की कद्र करता हूं । मे सिर्फ यूनिवर्सिटी के बारे मे नही बल्कि सभी के बारे में कहता हूं । जहां तक कल्चर का सवाल है मुसलमानों की कल्चर को आगे बढ़ाने के लिए जैसे देवबन्द हैं उनको सरकार को अलग मे ग्रांट देनी चाहिये, जितनी दे रही है उससे कई गुना अधिक देनी चाहिये । ऐसा किया गया तो मुझे खुशी ही होगी। इस यूनिवर्सिटी और बनारस यूनिवर्सिटी से नामों को हटा कर ऐसी व्यवस्था की जाए ताकि वहां अच्छी तालीम विद्यार्थियों को मिले, कम्पीटीशंज मै वे लोग आएं और कामयाब हों। इस तरह की व्यवस्था आपको करनी चाहिए ।

इन शब्दों के साथ जो बिल है उसका मै पूरी तरह से समर्थन करता हू ।

श्रीमती मोहसिना किदवई (आजमगढ) आपकी मशकूर हू कि आपने मुझे मौका दिया है । अलीगढ मुस्लिम यूनिवर्सिटी मुस्लिम कम्युनिटी जो हिन्दुस्तान मे बसती है उसका एक सरमाया है । अपनी शानदार रवायात के साथ अपने शानदार तमद्दन के साथ वह आज भी नैशनल सर्विस अंजाम दे रही है । उसने बडे बडे स्कालर, साइंटिस्टस और हिस्टोरियन्ज पैदा किए है जिन्होने हिन्दुस्तान मे ही नही बल्कि पूरी दुनिया मे नाम कमाया है ।

इस यूनिवर्सिटी के बारे मे बहुत कुछ यहा कहा जा चुका है । मैं उस मे जाना नही चाहती हू । मैं चन्द चीजे ही आपकी खिदमत मे पेश करना चाहती हू । उस वक्त मुस्लिम कौम का जो हाल हो रहा था, जो एक निराशा का वातावरण था, खुददारी खत्म होती जा रही थी, डिमारेलाइजेशन आ रहा था उसको देखते हुए सर सैयद अहमद खा को खयाल आया और मुस्लिम कौम हमेशा उनकी ममनून रहेगी, तो दुनिया ममनून रहेगी और उनका नाम रहेगा कि न सिर्फ इतनी बड़ी चीज इस मुल्क को बल्कि दुनिया को उन्होंने दी और इस यूनिवर्सिटी को कायम किया । दुनिया के तमाम हिस्सों से यहां लड़के पढ़ने के लिए आते हैं । सर सैयद अहमद खा ने एक ऐसा सरमाया छोडा है जिस ने बहुत कुछ इस कौम को दिया है । जब उन्होंने इस यूनिवर्सिटी के बारे मे सोचा था तो उनके दिमाग में यही चीज थी कि मुस्लिम कौम के बच्चों को भी पढ़ने लिखने और खास तौर से हायर एजूकेशन

[श्रीमती मोहसिना किदवाई]

का मौका मिलना चाहिए ताकि वे भी मुल्क की खिदमत कर सकें और अपनी इक्तसादी हालत को सुधार सकें। जिस वक्त उन्होंने इस यूनिवर्सिटी की बात की उस वक्त मुसलमान कौम में भी उनके खिलाफ एक जज्बा उभरा। चूंकि उस वक्त अंग्रेजों के खिलाफ एक जबर्दस्त नफरत का जज्बा मुसलमानों में था इसलिए लोगों ने कहना शुरू कर दिया कि सर सैयद अहमद खां मुस्लिम कौम को ला जहब कौम बना रहे हैं, उसको अपने दीन से बे बहरा कर रहे हैं अंग्रेजी तालीम दे कर और मुल्क के नौजवानों को बरबाद करने जा रहे हैं लेकिन उन्होंने बड़े हौसले और हिम्मत के साथ सारी बातें सही और यह डगकेबल चली।

एजूकेशन मिनिस्टर की स्पीच को सुन कर मुझे बड़ा ताज्जुब और अफसोस हुआ जब उन्होंने एक दलील यह दी जोकि बड़ी बचकाना, बड़ी चाइल्डिश थी कि पहला ग्रेजुएट जो इस यूनिवर्सिटी से निकला वह नान-मुस्लिम था। वह बात उन्होंने बड़े फख्र के साथ कही है। यह कोई दलील नहीं थी जोकि मुस्लिम कारेक्टर के खिलाफ पेश की जा सकती हो। यह तो फख्र की बात है इस यूनिवर्सिटी के लिए कि वह नान-मुस्लिम था, खुशी की बात है। आज भी वहां चालीस परसेंट के करीब तालिब इल्म नान मुस्लिम हैं। टीचर्स भी वहां नान-मुस्लिम हैं। यह तो वहां के करेक्टर की बात हुई। इस यूनिवर्सिटी को कायम करने का बुनियादी मकसद क्या था। इसको मुसलमानों के जरिए एस्टैबलिश किया गया और उनके जरिए यह एडमिनिस्टर की जा रही है, मैनेज की जा रही है। उसका करेक्टर कायम रहना चाहिए। मुझे ताज्जुब हुआ यह सुन कर जब उन्होंने अपनी स्पीच में आखिर में यह कहा :

"I was taking up the very important question concerning the character of the University. It is said that the minority character should be restored. Now we are trying to understand what is meant by the minority character."

16.00 hrs.

आपने जिस वक्त अपने 1977 के मैनिफेस्टो में रखा था कि माइनोरिटी करेक्टर बहाल करेंगे, माफ कीजिए एजूकेशन मिनिस्टर साहब, आपको उस वक्त इसके मायने नहीं मालूम थे कि माइनोरिटी करेक्टर का मतलब क्या होता है ? जो पोलिटिकल पार्टी अपने मैनिफेस्टो में रखे कि हम माइनोरिटी करेक्टर बहाल करेंगे और आज आप अपनी तकरीर में कह रहे हैं कि हम देख रहे हैं, कि माइनोरिटी करेक्टर का मतलब क्या होता है।

डा० प्रताप चन्द्र चन्द्र यह कोई माइनोरिटी करेक्टर का सवाल नहीं है।

श्रीमती मोहसिना किदवई : आपने बारबार यही कहा। जब मैं आजमगढ़ में इलैक्शन लड़ रही थी तो आपके सदर साहब वहां गये, आप उनकी उस वक्त की स्पीच निकाल कर देख लीजिए, उनसे वहां सवाल किया गया कि आपने माइनोरिटी करेक्टर की बात अपने मैनिफेस्टो में की है कि यह आप बहाल करने जा रहे हैं तो कब बहाल करने जा रहे हैं। अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी का बिल कब इन्ट्रोड्यूस करने जा रहे हैं ? उन्होंने कहा कि हम जाते ही, जैसे कि सैशन अभी हो रहा है हम जाते ही। इसे इन्ट्रोड्यूस करने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम जाते ही इसे इन्ट्रोड्यूस करेंगे। आप उस वक्त का प्रोसीडिंग्ज निकलवाकर देखिए कि इलैक्शन के बीच में वह बिल यहां इन्ट्रोड्यूस हुआ था, महज इसलिए कि आजमगढ़ का इलैक्शन जीत लिया जाये, लेकिन, इत्तफाक से आपकी बदकिस्मती और हमारी खुशकिस्मती, उसमें जनता ने आपके खिलाफ फैसला किया।

[श्रीमती मोहसिना किदवाई]

आज आप उस माइनौरिटि करैक्टर का मतलब समझना चाहते हैं कि उसका मतलब क्या होता है। गुप्ता जी ने अपनी तकरीर में कहा कि आपकी क्या राय है। आप यह कह सकते हैं कि हमने क्यों नहीं किया। हमने जो गलती की, उसको आप भी दोहरायेंगे जरूर, ऐसा लगता है। मैं कहना चाहती हूं कि उस वक्त के वजीरे-आजम के साथ कुछ ऐसे नादान दोस्त और नासमझ लोग थे कि जिन्होंने करोड़ों लोगों के जजबात का एहसास नहीं किया और आज उसी का खमियाजा हम भुगत रहे हैं और शायद आप भी भुगतेंगे, ऐसा मैं समझती हूं। मैं उस वक्त भी चाहती थी और आज भी कहना चाहती हूं कि कुछ लोगों ने अपने जाती मफाद और जाती रंजिश के लिए हुसतो-खेलत एक ऐसे इंस्टीट्यूशन को खत्म करने की कोशिश की जो आज भी सरबुलन्द होकर अपनी दास्तान बयान कर रहा है और आगे अपने मुस्तकबिल के ख्वाब देख रहा है।

मैंने गुप्ता जी की तकरीर बड़े गौर से सुनी, इसमें मजहब का सवाल क्या उठता है? इसमें कहीं यह नहीं है कि इस यूनिवर्सिटी का दरवाजा दूसरों के लिए बन्द है। आप एक तरफ बात कर रहे हैं कि हमने आटोनामी दे दी, हमने यूनिवर्सिटी को आजादी बहाल कर दी और जो सुप्रीम गवर्निंग बाडी है, जिसको आप कोर्ट कहते हैं उसको आपने ऐसे बांध कर रखा है कि नोमिनेशन के लिए एग्जक्यूटिव कमेटी बनायें उसके जरिये आप कोर्ट के मेम्बर को लायेंगे। उसके मेम्बर को यह हक नहीं है कि वहां अपने वाइस चांसलर का पैनल भेज सकें। मैं आप से पूछना चाहती हूं कि आपने जो मेन स्ट्रीम की बात की। यूनिवर्सिटी कोर्ट को जब अख्तियार था अपने पैनल भेजने का उसमें चाहे जियाउद्दीन साहब हों, जाकिर हुसैन साहब हों, कर्नल बशीर हुसैन जैदी हों या अलीयावर जंग हों और चाहे बदरुद्दीन तैयबजी हों, उसमें कौनसा ऐसा वाइस चांसलर था जो मेन स्ट्रीम की बात नहीं करता था? कौनसा वाइस चांसलर था जो मजहबी फिरकेवारियत को हवा देता था? जितने भी मैंने नाम गिनाये हैं, सब की अपनी अहमियत थी उनकी हैसियत थी। उन्होंने इस मुल्क में नहीं बल्कि दूसरे मुल्कों में भी अपना नाम कमाया है। तो कोर्ट ने इतनी जिम्मेदारी के साथ अपनी जिम्मेदारी को समझते हुए पैनल भेजा कि उन्होंने मुल्क के मफाद को सामने रखा और ऐसे लोगों को चुना जिन पर आप शक नहीं कर सकते हैं उंगली नहीं उठा सकते हैं। वह लोग वहां के वाइस चांसलर हुए। आज उसी कोर्ट को यह अख्तियार नहीं है कि पैनल भेज सके। यह अख्तियार है कि 5 का पैनल जो विजिटर के पास आयेगा, उसमें 2 के नाम को डिलीट कर सकता है, कह सकता है कि हम नहीं लेंगे। आज आप बात करते हैं कि हमने 72 के बिल में भी जो चीजें नहीं थीं, वह इस में दर्ज की हैं कि एक आनरेरी ट्रेजरार होगा जिसको एग्जक्यूटिव चुनेगी, लेकिन जो एकाउन्ट्स होंगे वह एक आडिट रिपोर्ट के साथ पार्लियामेंट के सामने रखे जायेंगे। फाइनेन्स आफिसर का उस पर कोई अख्तियार नहीं है। यह सारी चीजें किस किस्म की हैं। आपने जो भी नारा दिया, आज दो साल आपकी सरकार को आये हुए हो गये, आप हमेशा यह कहते आये कि माइनौरिटि करैक्टर हम बहाल करेंगे। चाहे इनकी पार्टी के सदर हों या मिनिस्टर हों, उनकी स्पीचिज को निकलवा कर देखिए, उन्होंने हमेशा यह बात कही। और आज मिनिस्टर साहब यह बिल लेकर आये हैं कि हम माइनारिटी करैक्टर नहीं दे सकते हैं। उन्होंने तो इस यूनिवर्सिटी के डेमोक्रेटिक करैक्टर तक को छीन लिया है। आज उसकी हैसियत क्या रहेगी। क्या मुस्लिम यूनिवर्सिटी सिर्फ एक कागजी नाम रहेगा। अगर मुल्क की 114 यूनिवर्सिटीज में से एक यूनिवर्सिटी माइनारिटी

के नाम से वाबस्ता हो जाये, तो क्या आफ़त या कयामत आ जायेगी ?

उत्तर प्रदेश की तकरीबन सब यूनिवर्सिटीज आज बन्द हैं। कही कोई पढाई नही हो रही है। बी० ए० के रिजल्ट्स अभी तक नही आये है और नये एडमिशन भी नही हो रहे है। लेकिन उत्तर प्रदेश मे अलीगढ की सैंट्रल यूनिवर्सिटी ऐसी है, जहा डिसिप्लिन कायम है, सही तरीके से पढ़ाई भी हो रही है, सेशन्ज भी हो रहे है और कोई परेशानी या दिक्कत की बात नही है। मैं समझता हू कि इस यूनिवर्सिटी के मामले मे मजहब का नाम बीच मे नही लाना चाहिए। आनरेबल मेम्बर कहते है कि मुस्लिम कल्चर, तहजीब और तमद्दुन रहना चाहिए। गुप्ता जी माफ करे, यह कल्चर, तहजीब और तमद्दुन आज भी हिन्दुस्तान मे नुमाया है, आज भी उनकी एक हैसियत है, लोग उसको जानते है, देखते है और मानते है।

पता नही, खुसरो साहब ने कहा से उनको यह इत्तिला दे दी है कि अलीगढ़ यूनिवर्सिटी के लडके 1976–77 से पहले आई० ए० एस० और आई० एफ० एस० वगैरह म नही आते थे। वह इस यूनिवर्सिटी की पिछली हिस्ट्री उठा कर देखे—अलीगढ़ यूनिवर्सिटी के लड़के बराबर आई० ए० एस० और फ़ारेन सर्विस मे आते रहे है। पिछले साल से पिछले साल वहा के एक लडके ने आई० एफ० एस० से टाप किया था। वहा के लड़के बड़े-बड़े इंजीनियर्ज डाक्टर्ज, साइंटिस्ट्स और स्कालर्ज बने है। वहा के महदी हसन साहब वेन डिजीजिज के टाप के डाक्टर है, जो अपना सानी नही रखते है, दूसरे मुलको से लोग उनसे शिक्षा लेने के लिए आते ह।

मै बार-बार दरख्वास्त करूगी कि इस यूनिवर्सिटी के माइनारिटी कैरेक्टर को बहाल किया जाये। अब सारी पावर सैंट्रल गवर्नमेंट को दे दी गई है, चाहे वह विजिटर के जरिये हो, वाइस-चासलर के जरिये हो और चाहे एक्सीक्यूटिव कमेटी के जरिये हो। 200 के करीब मेम्बर होंगे, जिनमे कुल 28 मुसलमान होंगे। 1972 के एक्ट के मुताबिक एक्सीक्यूटिव कमेटी मे ओल्ड बायज की तादाद 15 थी, लेकिन इस बिल मे उसको 10 कर दिया गया है—5 घटा दिये गये है। उस मे इतने नामिनेशन्ज किये जायेंगे कि वह ज्यादातर एक नामीनेटिड बाडी रहेगी, कहने के लिए चद इलैक्टिड मेम्बरान होंगे। सरकार जो भी चाहेगी, वह करा सकेगी। सरकार से मेरा मतलब जनता पार्टी की सरकार से नही है। आज जनता पार्टी का सरकार है, कल कोई दूसरी सरकार आ जायेगी, और अगर गुप्ता जी की सरकार आ जायेगी, तो हम तो बेमौत मर जायेंगे (व्यवधान)

श्री कंवर लाल गुप्त (दिल्ली सदर) : आज भी हमारी गवर्नमेंट है।

श्रीमती मोहसिना किदवाई : मेरा मतलब आर० एस० एस०—प्युरल आर० एस० एस० सरकार से है। वैसे है तो आज भी उनकी ही सरकार।

खुदा के लिए इस यूनिवर्सिटी को दूसरे लोगो के रहमो करम पर न डालिये। उसकी आटोनामी को बरकरार रखिये और उसकी आजादी को बहाल की जिए। मै दावे के साथ कह सकती हू कि यह यूनिवर्सिटी कभी भी किसी कम्युनल लाइन पर नही चलती है। हिन्दू, मुस्लिम, सिख और ईसाई जिस तरह वहा रहते है, वैसा माहौल किसी भी रेजीडेंशल यूनिवर्सिटी मे नही रहा है। मै आपको भी दावत देना चाहती हू कि आप वहा जाकर देखे।

[श्रीमती मोहसिना किदवाई]

मिनिस्टर साहब ने न बेग कमेटी का तज़किरा किया है और न खुसरो कमेटी का तज़किरा किया है, जिन्होंने पूरी तरह से रीकमेंड किया है कि कौन कौन सी बातें इसमें रहनी चाहिए और कौन कौन सी बातें निकाल देनी चाहिए। मुझे अफ़सोस है कि मिनिस्टर साहब ने सिर्फ माइनोरिटीज़ कमीशन का तज़किरा किया है, लेकिन बेग कमेटी और खुसरो कमेटी की रीकमेंडेशन्ज़ का कोई तज़किरा नहीं किया है। मैं पूछना चाहती हूं कि आखिर उन्होंने बेग कमेटी और खुसरो कमेटी की रीकमेंडेशन्ज़ को क्यों नहीं माना, जिन्हें खास तौर से इसके लिए बिठाया गया था। ऐसी कौन सी वजह थी कि वह सिर्फ माइनारिटीज़ कमीशन की रीकमेंडेशन्ज़ तक रह गये और उन्होंने बेग कमेटी की सिफारिश को मेनशन तक नहीं किया। मैं आपको पढ़ कर सुनाना चाहती हूं कि बेग कमेटी ने क्या कहा है। उसने कहा है —

" that, notwithstanding any judgement, decree or order of any court or tribunal to the contrary, the Aligarh Muslim University shall be deemed to have been established by the Muslim minority of India as an educational institution of its choice and shall be administered and managed as provided for in articles 29 and 30 of the Constitution or the University be defined as a University established by the Muslims of India "

इसी तरह की रेकमेंडेशन खुसरो कमेटी ने भी की है। लेकिन किसी भी चीज का तज़किरा मिनिस्टर साहब ने नहीं किया है। जितना पहले हमने उस बिल में दिया था 72 में उससे भी कुछ चीजों को निकाल कर खत्म कर दिया। नतीजा यह है कि सिर्फ कानूनी पहलुओं में उलझा कर रख दिया। सुप्रीम कोर्ट का हवाला आप देते हैं। सुप्रीम कोर्ट का हवाला कोई माने नहीं रखता है इसलिए कि पार्लियामेंट को अख्तियार है, उसका यह हक है कि वह जब चाहे कास्टीच्यूशन को बदल सकता है। अगर आप दिल से यह लाना चाहते हैं, आपके जज़बात में सच्चाई है और आपने जो इस मुल्क की माइनारिटी से वायदा किया था माइनारिटी कैरेक्टर का, अगर आप वाकई उस को लाना चाहते हैं तो मैं मानती हूं कि आप की राह में कोई रोड़ा अटकने वाला नहीं है और आप कास्टीच्यूशन अमेंड करके इस चीज का माइनोरिटी को वापिस दे सकते हैं। इसमें कोई कानूनी पहलू की बात नहीं हो सकती है। इसमें सिर्फ जो एक जज़बाती लगाव है करोड़ो मुसलमानों का, इस यूनिवर्सिटी से, उसकी मैं बात करती हूं और मैं समझती हूं कि यह अकसरियत की एक फराखदिली होगी, बड़प्पन होगा कि वह अक़लियत की एक इस्टीच्यूशन को उसका माइनारिटी कैरेक्टर बहाल करके अपने पर भी भरोसा पैदा कराए। आपने जो वादा किया था उसे पूरा करें वरना न आप के वादे की कोई वक़त है न कोई इज्जत है और न कोई उस के ऊपर भरोसा करता है कि आप क्या वादे करते हैं क्योंकि आज तक मैनिफेस्टो का एक भी वादा आपने पूरा नहीं किया है। तो आज मैं आपसे कहना चाहती हूं कि इन तमाम चीजों को छोड़िए, कानूनी पहलू, मेन-स्ट्रीम इन सब चीजों को छोड़ कर एक अखलाकी पहलू से, सामाजिक पहलू से और जज़बाती पहलू से गौर करके जैसा आपने वादा किया था माइनारिटी कैरेक्टर बहाल करने का उसे बहाल कर के इस मुल्क की माइनारिटी में एक भरोसा और एतमाद पैदा करने की कोशिश कीजिए।

श्री राम विलास पासवान (हाजीपुर) सभापति महोदय, अभी इस बिल पर जो चर्चाएं चली हैं उन में आर्टिकल 30(1) का हवाला दिया जा रहा है। मैं आपके सामने

आर्टिकल 30 सब क्लाज (1) पढ रहा हूं :—

"All minorities, whether based on religion or language, shall have the right to establish and administer educational institutions of their choice."

इस देश का दुर्भाग्य है कि नीति और नीयत मे कही तालमेल खा नही रहा है। हमारी नीयत कुछ रहती है और नीति कुछ और बनती है। आज क्या कारण है कि आजादी के 31 वर्षों के बाद भी जो मुस्लिम समुदाय है या जो हरिजन है, आदिवासी है उनका विश्वास इस देश मे किसी भी सरकार पर नही जम रहा है? यह तहत बडा विचारणीय प्रश्न है। 31 साल गुजर गये और 31 साल गुजरने के बावजूद भी क्यो हम असुरक्षित महसूस करते है? जब तक आप इस बुनियादी सवाल का हल नही निकालेंगे तब तक हम समझते है कि समस्या का निदान नही होगा।

माननीय सदस्य त्यागी जी यहा बैठे हुए है। इन्होने अच्छे इटेंशन से ही वह रेलिजस इस्टीच्यूशन का बिल मूव किया है। लेकिन पूरे देश मे एक कोहराम मचा हुआ है। वह क्यो है? जो आदिवासी है, उन मे जो क्रिश्चियन धर्म को मानते है क्यो उनके दिमाग मे आक्रोश पैदा हो गया है? इसीलिए न कि यदि कोई आदिवासी है और वह क्रिश्चियन बन जाता है और एक वह जो क्रिश्चियन नही है दोनो के रहन सहन मे आसमान और जमीन का फर्क है और जब तक सरकार उन समुदायो के लिए जो क्रिश्चियन नही हैं, उन लिए उनसे अधिक काम नही करती है जो मिशन उनके लिए करता है तब तक हम लाख चिल्लाते रहेंगे धर्म परिवर्तन से उनको रोक नही सकते है। इसलिए सब से बडा काम है कि आप मिशनरी को रोके। लेकिन मिशनरी को कहिएगा कि तुम हिन्दुस्तान से निकल जाओ तो हिन्दुस्तान के अन्दर ही जो लोग है उन को गुस्सा आएगा। सब से बडा उन को निकालने का एक ही तरीका है कि अगर मिशनरी एक रुपया खर्च करती है आदिवासियो के ऊपर तो आप दो रुपया खर्च कीजिए और यह देखिए कि उस का सही ढग से यूटिलाइजेशन हो रहा है या नही। मिशनरी का डाक्टर दिन रात वही सोया रहता है, जा कर उन क दवा दारू करता है और हमारा डाक्टर, वहा पहुच नही पाता है। इसलिए जो अल्पसख्यक लोग है उन अल्पसख्यक लोगो के दिमाग से जो एक भावना बैठ गई है उस भावना को हमे निकालना है। अलीगढ यूनिवर्सिटी के सम्बन्ध मे कहा गया कि 1875 मे मोहमडन एग्लो इडियन कालेज के नाम से स्थापना की गई थी। उसकी स्थापना करने वाले मे सर सैयद अहमद साहब थे। 1918 मे उनकी मृत्यु हो गई और 1920 मे अलीगढ मुस्लिम यूनिवर्सिटी के नाम से इसको घोषित किया गया। उस समय तीन शर्तें दी गई थी। पहली शर्त यह थी कि इसमे 77 एकड जमीन होनी चाहिए और बीस लाख रुपया होना चाहिए। उन शर्तों की पूर्ति कर दी गई। 1951 मे समद् मे जो कानून बना उसके तहत इसको एकोनामी को, स्वतत्रता को समाप्त कर दिया गया। 1965 मे फिर एक आर्डिनेन्स आया और इसकी पूरी स्वतत्रता छीन ली गई। यह काम सिलसिलेवार बढ़ता गया। तमाम देश मे इसका विरोध किया गया। 1972 मे नूरुल हसन साहब, शिक्षा मत्री ने ऐसा कानून बनाया कि जिस थोड़ी बहुत बची हुई स्वतत्रता भी समाप्त हो गई। फिर तो समूचे देश मे एक आन्दोलन चला। उस समय फीरोजाबाद, बनारस और अलीगढ मे गोलिया तक

[श्री राम विलास पासवान]

चली । 1973 मे अलीगढ मुस्लिम यूनिवर्सिटी ऐक्ट पर सम्मेलन हुआ । जो लोग यहा पर इस वक्त बैठे है इनमे अधिकाश ने जाकर उसमे भाग लिया और सभी ने कहा कि आप लोगो की माग जायज है और जो कुछ भी हो रहा है वह आपके साथ अन्याय है । उस समय बहुत से लोगो ने गिरफ्तारिया दी थी । यहा पर राजनारायण जी नही, डा० फरीदी और तमाम अन्य लोगो ने गिरफ्तारिया दी थी । 1975 मे खुसरो कमेटी के सामने यह मामला गया । खुसरो कमेटी की रिपोर्ट भी आई लेकिन अभी तक उसको नही माना गया । इस प्रकार से यह मोटी-मोटी बाते है जिनकी बुनियाद पर यह यूनिवर्सिटी चल रही है । जहा तक आजादी की लडाई की बात है, मै उन लोगो मे से हू जो यह नही चाहते कि इस देश मे कोई फिरकापरस्ती हो ।

माननीय कवरलाल गुप्त जी यहा से चले गए, इस देश मे देवी देवताओ के लिए कहा जाता है कि जमीन दी जाए, मन्दिर मस्जिद और गिरजाघरो के लिए जमीन दी जाए, मूर्तिया जिनमे जान नही है उनके लिए कहा जाता है कि जमीन दी जाए लेकिन जो आदमी है व भूखे मर जाये । मै कहता हू इस देश मे सभी की पूजा होनी चाहिए लेकिन जहा पेट जलता हो वहा पर धर्म की पूजा नही हो सकती है । इसलिए पहले आप भूखे लोगो को अन्न दीजिए, वस्त्र दीजिए, उनकी पढाई की व्यवस्था कीजिए उनके लिए मकान की व्यवस्था कीजिए और उसके बाद धर्म-कर्म और पूजा-पाठ की व्यवस्था कीजिए ।

आजादी की लडाई मे महात्मा गांधी को महात्मा का पहला खिताब अगर किसी ने दिया था तो वह अलीगढ मुस्लिम यूनिवर्सिटी ही थी । खान अब्दुल गफ्फार खा, डा० जाकिर हुसेन, मौलाना मुहम्मद अली, शौकत अली, रफी अहमद किदवई, शेख अब्दुल्ला, राजा महेन्द्र प्रताप सिह—यह सभी अलीगढ मुस्लिम यूनिवर्सिटी के प्रोडक्ट रहे है । जहा तक इस यूनिवर्सिटी मे छात्रों के कान्विनेशन की बात है, वहा पर पहले 36 परसेंट नान-मुस्लिम स्टूडेन्ट थे और अभी भी मेडिकल तथा इजीनियरिंग कालेजेज मे 60 परसेंट से अधिक नान-मुस्लिम स्टूडेन्ट हैं ।

अलीगढ मे इतना बडा दगा हुआ, हमारे प्रधान मंत्री जी अलीगढ गए थे, उन्होंने सराहना की, अलीगढ यूनिवर्सिटी के लडके रिलीफ के काम मे लगे हुए थे । एक तरफ रायट्स हो रहे थे और दूसरी तरफ वहा के लडको मे इस तरह का जोश था । वे इस देश की मुख्य धारा मे जुडे हुए हैं । वे वहा पर उस समय रिलीफ के काम मे और एकता स्थापित करने के काम मे लगे हुए थे ।

सरकार अजीज बाशा वर्सेज यूनियन आफ इंडिया केस का हवाला देती है । मैं सरकार से कहना चाहता हू कि इसमे सरकार के लिए कोई बडी बात नही है क्योंकि प्रीवी पर्स के मामले मे भी सुप्रीम कोर्ट ने विरोध किया था । बैंक नेशनलाइजेशन का मामला आया था, जिस मे विरोध मे दिया गया था । अभी गो-बध की जब बहस चली थी, तो गो-बध के बारे मे भी उस दिन मैंने कहा था और यही बात कही थी कि विनोबा जी के प्रति हमारा सारा सम्मान है लेकिन जिस देश मे हरिजन, आदिवासियों की हत्या हो रही है, वहा सरकार गो-हत्या के सामने तो झुक जाती है लेकिन हरिजनो की जब हत्या होती है और माइनोरिटीज की जब हत्या होती है, तो

वहां सरकार को प्राथमिकता देनी चाहिए और उन को बचाना चाहिए । यदि कोई बाबा, यदि इस देश में कोई शंकराचार्य इन लोगों के खिलाफ कोई ऐसी बात कहता है, या करता है, तो पहले उस के लिए कुछ करना चाहिए, उसके लिए मरना चाहिए और उस के लिए अनशन करना चाहिए । आज आप देखिये कि चारों शंकराचार्यों का मिलन हो रहा है और यह एक बहुत भीषण मामला है । चारों शंकराचार्य पुरी में बैठ कर कोई वहां से फरमान जारी करेंगे, कोई कहीं दूसरी जगह से फरमान जारी करेंगे और कोई कहीं और से फरमान जारी करेंगे । आप उन की स्पीचों को सुनिये । पटना में शंकराचार्य ने यह कहा कि ये जो लोग है ये पैदायशी अछूत है । जब ऐसी बातें होती है तो मैं आपसे कहता हूं कि इस देश में आप को और सरकार को बहुत बारीकी से सोचना पड़ेगा इस सम्बन्ध में । आप कहते है कि सुप्रीम कोर्ट की रूलिंग है । गो-हत्या के मामले में भी सुप्रीम कोर्ट की रूलिंग थी । उसमें आप नये संविधान संशोधन का मामला ला सकते है । प्रीवी पर्स के मामले में भी ला सकते है सुप्रीम कोर्ट की रूलिंग के विरुद्ध और बैंक नेशनेलाइजेशन के विरुद्ध भी ला सकते है । तो क्यों नहीं, जब सुप्रीम कोर्ट इस में बाधक होता है, आप सुप्रीम कोर्ट को यह कहते हैं कि ठीक है हम इसके लिए कानून बनाते हैं, संसद सर्वोपरि है संविधान में संशोधन करने के लिए, आप इसको मानिये । मैं यह नहीं कहता कि आप यह करें और वह करें लेकिन मैं स्पष्ट रूप से कहना चाहता हूं भारत सरकार से, जनता पार्टी की सरकार से कि जनता पार्टी की सरकार के द्वारा ऐसा कोई काम नहीं होना चाहिए जिससे हरिजनों, आदिवासियों और अल्पसंख्यकों के मन में एक प्रश्नवाचक चिन्ह उठे और ऐसा करना सरकार का दायित्व हो जाता है । जब सरकार यह कहती है कि हमारी नीयत बिल्कुल साफ है । जब आप की नीयत बिल्कुल साफ है, तो आप अपनी नीति भी साफ कर दीजिए । तीन चीजों के सम्बन्ध में जो यह मामला है कि माइनोरिटी करेक्टर जोड़ना चाहिए, आर्टीकिल 30 (1) के तहत इसका संचालन होना चाहिए और जो कोर्ट के स्टेटस को घटाने का मामला है, जिस को पावर नहीं दी गई है और जो कोर्ट के कम्पोजीशन का मामला है कि इस में जो 160 लोग है, उन 160 में से 50 यूनीवर्सिटी के एम्पलाइज हों और 57 बाहर के लोग हों, तो इस तरह के जितने मामले हैं, सरकार को चाहिए कि इन सारी चीजों को इस में इन्क्लूड करें जिससे अल्पसंख्यकों के मन में किसी तरह का भय न हो और उन के दिमाग में किसी तरह की शंका न रहे और जो अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी का जीवन है, वह अपने आप को राष्ट्रीय धारा के साथ जोड़ें । मैं वहां के विद्यार्थियों, शिक्षकों और देश के तमाम अल्पसंख्यकों से यह आग्रह करूंगा कि वे यह सोचें कि हम किसी की मरजी पर नहीं है । यहां के अल्पसंख्यक किसी की मरजी पर जिन्दा नहीं रह रहे है । यह उन का देश है और वे इसमें अपने अधिकार चाहते है और वे अधिकार उन्हें मिलने चाहिए लेकिन जो देश की मुख्य धारा है, अपने अधिकारों की बदौलत, उसमें वे मिल जाएं और वे यह समझें कि यह देश हमारा है । इस को समझकर वे सारे कामों के बारे में सोचें ।

इन शब्दों के साथ मैं आप को धन्यवाद देता हूं और अपना भाषण समाप्त करता हूं ।

MR. CHAIRMAN Before I call Shri Shyamnandan Mishra, I would like to inform you that the time for general discussion, including the Minister's reply, will be over by 5 p m and the Minister will take about half an hour. So, it is the pleasure of the House to extend the time?

SEVERAL HON. MEMBERS: Yes.

MR CHAIRMAN. So, the time for general discussion is extended by half an hour.

श्री श्यामनन्दन मिश्र (बेगुसराय) : सभापति जी, मैं इसे एक बड़ी खुशकिस्मती मानता हूं कि आज मुझे इस विधेयक पर बोलने का अवसर प्राप्त हुआ है।

जिस समय 1972 में वह काला विधेयक आया था, जिस को लेकर बड़े-बड़े मुजाहिरे हुए थे सारे हिन्दुस्तान में, सारे देश में, और जो हमारे यहां के अकलियत के लोग हैं, उन लोगों की भावनाएं क्षुब्ध हुई थीं, भड़की थीं, आज उस विधेयक के सारे बुरे असरात को खत्म करने के लिए यह विधेयक यहां आया है। मैंने उस समय भी उस के खिलाफ आवाज उठायी थी और जो एक बड़ा सम्मेलन हुआ था उसमें भी मैंने भाग लिया था। उस समय यह उम्मीद नहीं हो रही थी कि उस समय के निजाम को जिसने जो काला विधेयक बनाया था उस को खत्म करने में हमें बहुत जल्दी कामयाबी हासिल होगी। लेकिन आज उस कामयाबी को सामने देखते हुए कुछ खुशी भी होती है और कुछ गरूर भी होता है।

आज हम लोगों ने देश में ऐसा माहौल पैदा किया है जिसमें अकलियतों की नजरों में एक नयी उम्मीद जाग गयी है और आज उस उम्मीद को पूरा करने की कोशिश हम इस विधेयक के जरिये कर रहे हैं।

सभापति जी, मेरी राय में इस विधेयक को बहुत पहले आना चाहिए था। यह बहुत देर से आ रहा है। इस सवाल पर माइनोरिटी के लोगों में एक बेसब्री थी और उसी बेसब्री से मगर बे खामोशी के साथ दो साल तक इसकी तरफ देखते रहे। माइनोरिटी में यह बेसब्री हो और हम इस विधेयक को जल्दी न ला सकें, यह अच्छा नहीं मालूम होता था। जब हम इस विधेयक को देर से लाये तो इसके बारे में हमें माइनोरिटीज कमीशन से विचार-विनिमय करना चाहिए था। वह सरकार नहीं कर पायी। जब हम ने माइनोरिटीज कमीशन बनाया है तो उसकी राय को वजन देना चाहिए था उस से पूरी मदद लेनी चाहिए थी। लेकिन हम उस से पूरी मदद नहीं ले रहे हैं इसका मुझे कुछ खेद है।

इस बिल को बहुत जल्दी लाना चाहिए था क्योंकि 1965 और 1972 के संशोधनों के बाद हमारे अल्पसंख्यक, अकलियत के भाइयों में बहुत कुछ बेचैनी पैदा हो गयी थी। मैं नहीं जानता कि इन दो सालों में इस वर्ग को सरकार ने अपनी नजरों से पीछे क्यों रखा? खैर, देर आयद दुरूस्त आयद। आज यह विधेयक आया है। इस में कोई शक नहीं है कि 1965 और 1972 के संशोधनों के बाद जो बुराइयां आ गयी थी उन को इस विधेयक के द्वारा बहुत दूर तक खत्म किया जा रहा है। इस में सारे मुल्क के लोग सहमत होंगे और खास कर के अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी के लोग भी सहमत होंगे। मैं आज चाहता हूं कि सदन में अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी के भाइयों के प्रति अपना और सदन का आभार प्रकट करूं क्योंकि जिस समय इस विधेयक का निर्माण हो रहा था, जब इस के बारे में सोच-विचार शुरू हुआ था तो उनकी कीमती शिरकत इस में मिली थी और उन्होंने जिस भावना की, जिस नजरिये की मिसाल हमारे सामने पेश की थी उसके बारे में सोच कर मुझे बेहद खुशी होती है। उनकी तरफ से कोई ऐसी बात सामने नहीं आई जिससे कि इस विधेयक के सही रूप देने में कोई कठिनाई उत्पन्न होती। यह बात ठीक है कि उनकी राय थी कि विधान में धारा 30 के तहत जो संरक्षण प्राप्त है, वह पूरी तरह से उन्हें प्राप्त हो। जहां यह बात ठीक है वहां उसी जगह पर मैं यह भी अर्ज कर दूं कि इस के बारे में जो कुछ वैधानिक या कानूनी दिक्कतें पैदा हो गयी हैं और दो फैसले हमारे सामने आ गये हैं उनके समाधान के लिए यहां पर एटार्नी जनरल को आना चाहिए था। मैं बराबर इस राय का रहा हूं कि एटार्नी जनरल को पर्दा नशीं न बनाये जाये और इस तरह से पर्दा नशीं न बनाया जाए कि पांच सालों में एक बार भी उनका यहां दीदार न हो सके। एटार्नी जनरल को

[श्री श्यामनन्दन मिश्र]

विधान के अन्तर्गत अधिकार है कि वे यहां आयें। लेकिन उनको बुलाया नही जाता। सरकार एक प्रेस्टिज का इश्यू (मुद्दा) बना लेती है जिस से उनको यहां पर नही लाती। हमारा अधिकार है कि हम एटार्नी जनरल की हाजरी तलब करे और वे इस के बारे में अपनी राय दें ताकि हम अपनी राय इस में ठीक ढग से कायम कर सकें। इस मे दो राय पैदा हो गयी है—अजीज पाशा के केस के बाद और उस के बाद जो केरल के मामले में उससे बडी बेंच ने फैसला दिया और जिसकी तरफ माइनोरिटीज कमीशन ने इशारा किया है। जब दो रायें साफ तौर पर हमारे सामने आ गई हैं तो एक दिक्कत और दुविधा की स्थिति हमारे सामने पैदा हो गई है। उसको दूर करने के लिए एटार्नी जनरल साहब को यहा तशरीफ लानी चाहिये थी। जब हम आगे बढ़ेंगे तो मैं समझता हूं हमें उनको बुलाना पड़ेगा और उनको तशरीफ लानी होगी, किसी भी स्टेज पर उनको सदन मे बुलाने की जरूरत पड़ेगी। इसका कारण यह है कि कानूनी और वैधानिक स्थिति ऐसी पैदा हो गई है कि उसका समाधान संसद के सामने उनके द्वारा होना चाहिये।

जिस पौधे के बारे में हम विचार कर रहे हैं वह बड़ा नाजुक पौधा है। अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी सही मानो मे देश के सामने एक मिशाल बन कर खड़ी है जिस पर सारे भारत के लोगों को फख्र होना चाहिये। इसकी जो तवारीख है उसके बारे मे बहुत चर्चा हुई है। आप इतनी दूर क्या जाते हैं? अभी जो अलीगढ़ में साम्प्रदायिक दंगे हुए थे उनमे जो इस विश्वविद्यालय का रोल रहा है वह बड़ा ही शानदार रहा है। इस विश्वविद्यालय के अन्दर एक मैडीकल कालेज भी है जहा पर घायल लोग इलाज के लिए पहुंचाए जाते थे, किसी को टांग कटी हुई तो किसी को बाह, तरह तरह से घायल हुए लोगों को यहां पहुंचाया गया था। इन घायलो को देख कर वहां के जो लेक्चरार, प्रोफेसर या तालिबे इल्म थे उनके जजबे भड़के नही, उन्होंने बहुत शान्ति के साथ उन सब का इलाज किया और साथ साथ सारे शहर में शान्ति का पैगाम फैलाया। यह मिसाल सारे भारत के लोगो को अपने सामने रखना चाहिये। कम्युनल हार्मनी के मामले ही नही बल्कि स्टेडर्ड के मामले में भी उसने देश के सामने एक मिशाल पेश की है। बहुत से स्थानो में उस तरह का शिक्षा का स्तर नही है जिस तरह का यहां है। बिहार के बारे मे मैं कह सकता हूं कि वहां जिस तरह से स्तर गिरा है उसको देखते हुए अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी एक मिशाल होनी चाहिये। दोनो के स्तर मे जमीन आसमान का फर्क है। स्टेंडर्ड के बारे में जब हम सोचते है तो बड़े बडे एजुकेशनल सेंटर्ज से भी इसके स्तर को हम बेहतर पाते हैं और यह हमारे लिए फख्र की बात है। इसीलिए देश के लोग ही नही बल्कि 38 देशो के भी तालिब इल्म यहा आज पढ़ रहे हैं और इस तरह इस विश्वविद्यालय ने सारी दुनिया में अपना नाम कमाया है। ये सब चीजें हमे अपने सामने रखनी चाहियें।

माइनोरिटी करेक्टर के बारे में यहां बहुत बाते कही गई हैं। मैं समझता हूं कि इस विधेयक मे घुमा करके नाक को छूने की कोशिश की गई है, इसी तरह की प्रक्रिया अपनाई गई है, नाक को सीधे नही बल्कि सिर के पीछे से घुमा करके छूआ गया है। इससे इन्कार नहीं किया गया है कि इसकी जड़ यहां के मुसलमान भाइयो ने कायम की थी। इससे इंकार नही किया गया है कि एम ए ओ कालेज की स्थापना मुसलमान भाइयों ने की थी। जब जड़ मुसलमान भाइयो ने कायम की तो साफ है कि आगे चल कर जो फैसला होगा उस में कोई दो राये नही होगी, आगे के कोर्ट के फैसले में भी इस बात को साफ कर दिया जाएगा कि मुसलमानो के द्वारा ही इस संस्था को कायम किया गया था। जहां तक सरकार

[श्री श्याम नन्दन मिश्रा]

का ताल्लुक है सुप्रीम कोर्ट के फैसले के सामने उसकी मजबूरी है, उसको इस फैसले को कानूनन मानना होगा। वर्ना जहा तक सरकार के मन्तव्य का सवाल है यह बिल्कुल साफ है कि सरकार ने इससे इन्कार नही किया है कि इसको मुसलमान भाइयो ने कायम किया है। इससे इन्कार भी कैसे किया जा सकता था जबकि जमीन मुसलमान भाइयो ने दी है, पैसे उन्होंने दिये थे। सारा इन्तजाम करने वाला संगठन मुसलमान भाइयो ने पैदा किया था।

माइनोरिटी कारेक्टर होने से सेक्युलर कारेक्टर मे बाधा आ सकती है, यह भी यहा कहा गया है। उस संदर्भ मे सरक्षण और खुदमुख्तारी के मामला मे सरकार की लाचारी का जिक्र भी किया गया है। इसके बारे मे मैं बाद मे अर्ज करूगा। पहले मै यह कहना चाहता हू कि अगर माइनोरिटी कारेक्टर उसका स्वीकार किया जाता है तो क्या सैक्युलर कारेक्टर मे कोई बाधा आएगी, जो हमारा धर्म निरपेक्षता का दृष्टिकोण है उस मे क्या कोई बाधा आएगी ? इसकी चर्चा मैं करना चाहता हू। मैं हिन्दू हूं, तो इसके मायने क्या हैं ? अगर श्याम नन्दन मिश्र कहते हैं, एलान करते है कि मैं हिन्दू हू तो क्या इसके मायने यह हो जाते है कि मैं धर्म-निरपेक्ष नही हू ? अगर कोई भाई मुसलमान है और कहता है कि मै मुसलमान हूं तो क्या इसके मायने यह हो जाते है कि वह धर्म-निरपेक्ष नही है, सैकुलर नही है ? जो इन्सान के लिये सही है, वही इस्टीट्यूशन के लिये भी सही होगा। इसलिये मैं अपने सभी भाइयो से अर्ज करूगा कि जहा तक यह सवाल है इसे दूसरी तरह से देखें पहले हम कहते थे, सुनते थे, हम लोगो के घरो से ऐसी बाते होती थी, एक रूढ़िगत और परम्परागत भावना होती थी कि मुर्गी खाये तो मुसलमान हो जाये मगर आज मुर्गी पर हिन्दू इतना हाथ साफ करते हैं कि मुर्गियां मुसलमानो को मिलना भी मुहाल हो रहा है।

उसी तरह की बात उर्दू के बारे में भी कही जाती है कि उर्दू मुसलमानो की जबान है। मगर उर्दू कोई जबान पर लाये तो उसको मालूम होगा कि उसमे क्या लुत्फ है। इसलिये उर्दू को मुसलमानो की जबान कहना बिल्कुल गलत है। आज भी कहा जाता है कि हमारे मुसलमान भाइयो ने अपना शैक्षणिक योग्यता और विकास के लिये इसको कायम किया था। जब उन्होने ऐसी मिसाल दी है कि दूसरो के भी शैक्षणिक विकास मे उसमे कोई बाधा नही पडती है—और अब यह बात साफ तौर पर नुमाया हो गई है—तो मै समझता हू कि इस सम्बन्ध मे कोई भी सदेह दिमाग में लाना बिल्कुल ठीक नही हे। इसलिये मेरी दो राय है—एक तो जैसा मैने अर्ज किया कि अटार्नी जनरल साहब यहा तशरीफ लाये और इसके बारे मे कानूनी स्थिति साफ करें और दूसरी बात यह है कि सरकार कहे कि मजबूरिया तो अभी सुप्रीम कोर्ट के फैसले के मुताबिक है। लेकिन हमारा इरादा है कि धारा 30(1) के तहत जितने भी सरक्षण प्राप्त है, वे सारे सरक्षण अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी को प्राप्त होगे। सरकार को यह कहने मे कोई कठिनाई नही होनी चाहिये। क्या आप समझते हैं कि उनकी खुद-मुख्तारी इस दर्जे तक जायेगी कि उसमे बहुत कुछ बुराईया आ जायेगी ?

राइट टू एडमिनिस्टर के मायने यह नही होते कि राइट टू मैल-एडमिनिस्टर। सरकार को बराबर यह अधिकार होगा कि अगर वहा किसी तरह की बुराई आये तो उसको देखे और जहा तक हो सके, उसका सुधार करे। ससद् का भी रोल है इसमे वह जो कानून बनाये, ससद जो कानून बनाये, तो मेरी राय मे अगर सरकार यह आश्वासन देती है और सुप्रीम कोर्ट के फैसले के मुताबिक हम कुछ ज्यादा करने से मजबूर हैं क्योंकि सुप्रीम कोर्ट ने जो फैसला किया वह हमारे

लिये कानून है, मगर जो कुछ भी इरादे हैं धारा 30(1) के तहत वे सारे इरादे हम पूरे करेंगे। अगर सरकार का यह कस्द है कि वह उन सारे संरक्षणों को अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी को दे, तो जो हमारे माइनोरिटी के भाइयों के दिमाग में जो थोड़ा बहुत शक है वह भी दूर हो जायेगा। हालांकि उनके शक बहुत कुछ दूर हो चुके हैं, यह मैं मानता हूं।

मैं दो, तीन तफसील की बातों की तरफ आपका ध्यान दिलाना चहता हूं। हमने तो कहा है कि इसमें हम स्वायत्तता, खुद-मुख्तारी लायेंगे और इसका जो प्रशासन है, उसे हम लोकतांत्रिक बनायेंगे। यह हमने कहा है कि हम जम्हूरी निजाम फिर से वहा लायेंगे क्योंकि 1972 और 1965 मे जो संशोधन हुए थे उनसे वहां की जम्हूरियत और जम्हूरी निजाम पर काफी करारी चोट आयी थी, हमने कहा है कि हम वहां स्वायत्तता फिर से लायेंगे, जम्हूरियत लायेंगे, हमने साफ तौर पर इस बिल के स्टेटमैंट आफ रीजन्स मे कहा है, उसके मुताबिक काफी बाते पूरी होगी।

मैं विश्वविद्यालय कोर्ट के बारे में आपका ध्यान दिलाना चाहता हूं। कोर्ट की तादाद है 162 और उसमें 105 यूनिवर्सिटी के अन्दर के लोग है, 57 बाहर के हैं। वह पालिसी मेकिंग बौडी होगी, नीति निर्धारित करेगी। मै पहले पूरी तरह से इसमे नहीं गया था तो यह बात मेरे दिमाग में आई थी कि ठीक सिलसिला सरकार ने सोचा है और विधेयक में रखा है। लेकिन जब मैं इसमें गहराई में जाता हूं, तो मुझे लगता है कि नीति बनाने का सारा अधिकार यूनिवर्सिटी के भाइयों को ही नहीं देना चाहिये। जब उन की तादाद 105 रखी गई है, और बाहर के लोगों की सिर्फ 57 तो ऐसी स्थिति में तो उसका नाम "कोर्ट" न रखा जाये, उसका नाम "एकैडेमिक कौंसिल" रख दिया जाये। अगर मंत्री महोदय उसका नाम कोर्ट रखते हैं, तो उन्हें उसे सही मानों में कोर्ट बनाना चाहिये। उसमें बाहर के तत्वों, आउट साइड एलिमेंटस, को अच्छी तादाद मे लाना चाहिए। जो डानर्ज है जिन लोगों ने उस जमाने मे बहुत दान दिये हैं—इस भावना से दिये हैं कि शिक्षा का विकास हो और हमारे बहुत से तालिब-इल्मों को जो पहले उस तरह की शिक्षा नहीं मिलती थी वह उन्हें मिले,—उनकी तादाद ज्यादा हो। इस यूनिवर्सिटी के एक्स-स्टूडेंटस की तादाद भी बढ़ाई जाये। यानी मिला-जुला कर कोर्ट को सही मानों मे नीति निर्धारित करने वाली संस्था बनाना चाहिए, और उसमे बहुमत यूनिवर्सिटी के अन्दर के लोगों का नहीं होना चाहिये। अगर ऐसा ही करना हैं, जैसा कि अभी है, तो उसका नाम एकैडेमिक कौसिल रख दिया जाये; यह ज्यादा उपयुक्त होगा।

एक्सीक्यूटिव कौसिल मे भी इर्न्टनल एलिमेंटस, अंदर के तत्वों की प्रबलता है, बहुमत है, जितना नही होना चाहिए। उसमें उन के व्यक्तिगत स्वार्थ भी निहित होते हैं। जिनके व्यक्तिगत स्वार्थ हों, वही वहां के मालिक बना दिये जायें, यह ठीक नही लगता है। इसलिए एक्सीक्यूटिव कौसिल में बाहर के तत्वों को लाना चाहिये; तभी एक संतुलित एक्सीक्यूटिव कौसिल हो सकेगी, वर्ना एक्सी-क्यूटिव कौंसिल का रूप बहुत कुछ अनबैलेस्ड, असंतुलित हो जायेगा। बाहर के लोगों को लाने से उसमें उदारता भी आयेगी, और चारों तरफ़ देख कर जो दृष्टिकोण बनाया जा सकता है, वैसा दृष्टिकोण उसका बनाया जा सकेगा।

हमारे कुछ भाई कहते हैं कि अगर यूनिवर्सिटी को खुद-मख्तारी दे दोगे, तो शायद आगे चल कर खामोश तमाशबीन की तरह देखते रहोग, वहां बुराइयां होंगी, मगर कुछ नहीं कर पाओगे। लेकिन मैं साफ़ तौर पर कहना चाहता हूं कि क्या

[श्री श्याम नन्दन मिश्र]

राज्य का यह बुनियादी अधिकार खत्म हो जायेगा कि हम वहा पर शिक्षा का जो स्टैंडर्ड कायम करना चाहते हैं, वह स्टैंडर्ड हम वहा पर रखें । जब हम देखेंगे कि उस स्टैंडर्ड में, उस स्तर मे, जरा भी व्यतिक्रम होता है, तो फिर हम जिस तरह के रेगुलेटरी मेजर्स लेना चाहेंगे, वैसे लेंगे ।

लेकिन इसके साथ साथ मत्री महोदय इस बात पर भी गौर करे कि एक तरफ तो वह युनिवर्सिटी को ज्यादा अधिकार नही देना चाहते है, लेकिन दूसरी तरफ उन्होने सारे अधिकार एक तरफ से विजिटर के हाथो मे केन्द्रित कर दिये है। करीब करीब सब अख्त्यारात विजिटर के हाथो मे केन्द्रित हैं । विजिटर के हाथो मे सारे अधिकार दे देने से यूनिवर्सिटी के अधिकारो के ज्यादा मानी नही रह जाते हैं ।

विजिटर के पास कितने अधिकार है ? अगर विजिटर साहब चाहें, तो वहां जो भी कानून बनेंगे, वह उन को अस्वीकार कर सकते हैं । वहां कोई भी नई सस्था विजिटर साहब की राय मे ही बन सकेगी, यूनिवर्सिटी उसमे ज्यादा कुछ नही कर पायेगी । इस तरह से विजिटर को जो बहुत अधिकार दे दिये है, उससे भी जरा इमबैलेंस, असन्तुलन, पैदा होता है । इतना इमबैलेंस नही होना चाहिए ।

फिर सवाल उठता है कि वाइस चासलर की नियुक्ति को दूसरे स्तर पर क्यो रखा गया है ? यानी जिस तरह से चांसलर, प्रो० चांसलर की नियुक्ति होती है उसी तरह से वाइस चांसलर की नियुक्ति क्यों नही होगी ? वाइस चांसलर की नियुक्ति के लिए भी एक पैनल कोर्ट की तरफ से जाना चाहिए मगर यहां वह बात नही रखी गई । इस विधेयक में पैनल पेश करने का विधान नहीं है, उसके बारे में यहां कुछ नहीं कहा गया है । इसलिए मेरी विनम्र राय है कि आप वाइस-चांसलर की भी नियुक्ति अगर उचित ढंग से करना चाहते है तो आपको यह अधिकार कोर्ट को देना चाहिए कि वह उसके लिए पैनल विजिटर के पास भेजे और उसके मुताबिक उसकी नियुक्ति हो ।

इन्ही शब्दो के साथ मिलाजुला कर कर इस विधेयक का स्वागत करता हूं । मैं समझता हू कि सरकार ने सही दिशा मे कदम उठाया है और इसका स्वागत होना चाहिए । हमारे अल्पसख्यक भाइयों को सरकार पर विश्वास रखना चाहिए कि जिस सरकार मे इस हद तक उनके सारे शक शकूक को दूर करने की कोशिश की है उसी सरकार से उनको इसकी भी उम्मीद हो सकती है कि जो थोडी बहुत बाते है उनको भी वह पूरी कर दे । उन्हे पूरा करने के रास्ते मे जो कठिनाई सुप्रीम कोर्ट ने रखी है, अब उस कठिनाई को हम हल करने के लिए सरकार ने जिस बुद्धिमानी से काम किया है जिस बारीकी से काम किया है उसको हमारे अल्पसख्यक भाई अच्छी तरह, यह न समझें कि उससे कुछ कतराया गया है । यह सरकार कतराने वाली सरकार नही है और जहा तक अल्पसंख्यको की भावनाओ का सवाल है, उनके जजबात का सवाल है, उस मे यह सरकार कुछ आनाकानी नही करेगी । एक खास परिस्थिति में अगर उसने इस बुद्धिमानी से और बारीकी है, जैसा मैंने अर्ज किया, काम किया है तो उसका एप्रिसिएशन, उसकी सराहना सभी जगह पर होनी चाहिए । इन शब्दो के साथ मैं इस विधेयक का स्वागत करता हूं ।

SHRI SOMNATH CHATTERJEE (Jadavpur): Mr. Chairman, Sir, we should see that measures like this should be discussed without any passion and we should try to discuss this matter as objectively as

possible keeping before us the question as to, how best to achieve the true objective of the seat of learning, of the University. There is a decision of the Supreme Court. There are several other views. But the fact is that the Supreme Court came to the conclusion that the University, in fact, was set up by a statutory enactment and as such it was not established by a particular community, although I find that there is a recognition of that in the proposed amendment also that the nucleus of the University was founded by the Muslims of course with donations from different communities. That is a historical fact.

We believe that the minority in this country, especially the Muslims require due facilities and opportunities for their all round advancement including advancement in the educational field. There have been many occasions when the legitimate demands for the protections of the rights of the minorities including Muslims have not been given due regard. We feel that, in the matter of education and social advancement removal of disparities between the communities, removal of inadequate representation in the Government services, etc., the minorities have to be given a special consideration.

We respect the sentiments of our Muslims brothers in repect of Aligarh Muslim University, but the question we have to answer is what should be the nature of interest or control that would have to be exercised with regard to this University; and whether the proposals brought forward in this Bill maintain the true democratic charater and at the same time, the secular character of the institution. We are sure that our Muslim brothers do no wish to make the University an exclusive preserve of any one section or community of people. We appreciate and support the proposals giving greater emphasis for promotion of educational and cultural advancement the Muslims by this University.

It has been the sad experience in this country that wherever or whenever the strictly minority character has been conceded in an educational institution, the democratic functioning has been hampere resulting in what one may call undemocratic trends which, we are sure, our Muslim brothers and sisters would not tolearate or accept. Let us not create an institution which may give rise to possibility, if not certainty, of coteries coming into power and control in the name of maintaining a particular character. We want to avoid this great institution of leaning coming into the control of a handful of persons representing vested interests. We have to maintain the university as a great seat of learning, specially for the promotion and advancement of Muslim culture and education and at the same time we have to see that we do not disturb its essential secular character which alone can maintain its true tradition and help in the real advancement of the objects for which it has been established. Therefore, we have to consider seriously whether by insisting on the question that it was established by the Muslim minorities as such, whatever the implications may be, its character as a Muslim minority institution will have to be maintained. It may not actually be desirable because such a demand will not help in democratisation of the institution; on the other hand there is great possibility of undesirable tendencies devoloping in the management and administration of the university. We are sure that all right-thinking people believing in democratic rights will not desire that in the name of creating minority institution, undemocratic trends get hold over the university and its affairs.

[Shri Somnath Chatterjee]

